दिन– शुक्रवार | दिनांक– 30 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत की तेजी से बढती रिफॉर्म एक्सप्रेस वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सही दिशा में है।

02. राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के पहली से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी की।

03. एग्री स्टैक परियोजना के तहत किसानों का अब निःशुल्क बनेगा पहचान पत्र। निबंधन के लिए दो फरवरी से छह फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान।

04. और, नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बढती रिफॉर्म एक्सप्रेस वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सही दिशा में है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संसद में कल प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण दर्शाता है कि भारत की रिफॉर्म एक्सप्रेस पूरे समन्वय और उद्देश्य के साथ आगे बढ रही है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट–

————————————————————

राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्कूली बच्चों की छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि इस फैसले से पहली से दसवीं कक्षा तक के सत्ताईस लाख विद्यार्थियों को लाभ होगा।

———बाईट———

श्री चौधरी ने बताया कि सरकारी छात्रावास में रहने वाले पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों को अब छह हजार रूपये की वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष से मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान की दर को एक हजार रूपये से बढ़ाकर दो हजार रूपये कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए डीपीआर तैयार करने से संबंधित प्रस्ताव तथा सेमी कंडक्टर पॉलिसी दो हजार छब्बीस को भी मंजूरी दी है।

राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार वैश्विक क्षमता केन्द्र, जीसीसी दो हजार छब्बीस नीति को भी स्वीकृति प्रदान की। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने बताया कि इस नीति के तहत कॉल सेंटर, वित्तीय सेवाओं और परामर्शी राष्ट्रीय तथा बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के केन्द्रों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जायेगा।

———बाईट———

एक अन्य फैसले में मंत्रिमंडल ने बिहार सरकारी सेवक आचार संशोधन नियमावली दो हजार छब्बीस को स्वीकृति प्रदान की। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्दर ने बताया कि संशोधित नियमावली के तहत कर्मचारियों के लिए इंटरनेट मीडिया के प्रयोग से संबंधित मानक तय किये गये हैं।

———बाईट———

इसके अलावा कैबिनेट ने बिहार स्टेट मार्केटिंग अथॉरिटी की स्थापना और अनुबंध पर सत्रह हजार सैफ जवानों की नियुक्ति समेत कुल इकतीस प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की।

————————————————————————

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अन्तर्गत चयनित लाभुकों को दो लाख रूपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान करने कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा की। श्री कुमार ने कहा कि योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के छह महीने बाद आकलन करते हुये आवश्यकतानुसार दो लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।

————————————————————————

एग्री स्टैक परियोजना के तहत किसानों को पहचान पत्र बनाने के लिए अब किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। पहले पहचान पत्र बनाने के लिए पन्द्रह रूपये का शुल्क देना होता था। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इस आशय का फैसला किया गया। बैठक में दो फरवरी से छह फरवरी तक किसानों के निबंधन के लिए विशेष अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया।

————————————————————————

भूमि विवाद से जुड़े मामलों में एक फरवरी से पुलिस की भूमिका समाप्त हो जायेगी। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार भूमि विवाद के मामलों में पुलिस की भूमिका केवल कानून व्यवस्था

बनाये रखने तक सीमित होगी। पुलिस को सक्षम प्राधिकार के आदेश के बिना दखल–कब्जा दिलाने का अधिकार नहीं होगा।

———————————————————————

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी अठहत्तरवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

––म्यूजिक––

इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। आज ही के दिन उन्नीस सौ अड़तालीस में महात्मा गांधी की हत्या कर दी गयी थी। इस अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रपिता की समाधि राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। पटना में गांधी घाट पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। हुतात्माओं के प्रति श्रद्धांजलि के लिए पूर्वाह्न ग्यारह बजे पहला सायरन बजने पर जो व्यक्ति जहां पर हों, मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पूर्वाह्न ग्यारह बजकर दो मिनट पर दूसरी सायरन ध्वनि के प्रसारित होते ही मौन भंग करेंगे।

–––म्यूजिक–––

———————————————————————

राज्य के पहले एक्सप्रेस–वे आमस–दरभंगा पर इस वर्ष दिसम्बर महीने से आवागमन शुरू होने की सम्भावना है। लोकसभा में सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा ने भाजपा सांसद गोपालजी ठाकुर के सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेस–वे का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही इसका विस्तार नेपाल तक किया जायेगा। यह एक्सप्रेस–वे एक सौ नवासी किलोमीटर लम्बा होगा।

———————————————————————

राज्य सरकार के तीन अधिकारियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। विशेष निगरानी इकाई ने भभुआ में भूमि संरक्षण सह परियोजना क्रियान्वयन इकाई के सहायक निदेशक रविशंकर राम और अभियंत्रण विशेषज्ञ अंजनी कुमार को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इधर, निगरानी जांच ब्यूरो ने बक्सर जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एकता भाई लक्की को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

———————————————————————

नीट की तैयारी कर रही जहानाबाद की एक छात्रा की पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है। ये

सभी हॉस्टल संचालक और मकान मालिक से जुड़े हैं। इन सभी से पूछताछ की जा रही है।

—————————————————

और अब खबरें खेल जगत से....

लखीसराय में आयोजित इक्यावनवीं बिहार स्टेट सीनियर पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता में पटना, बेगूसराय, बक्सर और लखीसराय जिले की टीमों ने सेमीफाईनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

भागलपुर की पर्वतारोही नमिता ने अफ्रीका की सबसे ऊंची पवर्तचोटी माउंट किलिमंजारो को फतह करने में सफलता हासिल की है।

—————————————————

आयकर विभाग की अनुसंधान शाखा ने एग्रो फूड से जुड़े कारोबारियों के पटना, औरंगाबाद और गयाजी स्थित दो दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में छापेमारी हुई है।

—————————————————

पटना के जे.पी. सेतु पुल पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक स्कूटी सवार युवक–युवती से बारह लाख रूपये बरामद किये हैं। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

—————————————————

ऑपरेशन आहट के तहत छपरा रेलवे स्टेशन पर कर्मभूमि एक्सप्रेस से आठ नाबालिग बच्चों को बरामद किया गया है। वहीं, इस मामले में तीन मानव तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

—————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के मामले में सारण जिले के सलखुआ निवासी गजेन्द्र कुमार गुलशन को पुलिस ने बेंगलुरू से गिरफ्तार कर लिया है।

—————————————————

जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के शेखपुरा नट टोला में शराब कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में चार कर्मी घायल हो गये। मामले में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

—————————————————

सुपौल जिले के कुनौली सीमा चौकी के पास से एसएसबी ने एक बांग्लादेशी महिला को अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला के साथ अन्य चार संदिग्धों की भी गिरफ्तारी हुई है। इनमें दो नागरिक नेपाल के हैं।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश होने और बिहार कैबिनेट के फैसलों से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– एससी और एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति दोगुनी।

दैनिक जागरण ने आर्थिक सर्वेक्षण को प्रमुखता देते हुये लिखा है– चुनौतियों के बावजूद दुनिया में सबसे तेज बनी रहेगी भारत की विकास दर।

प्रभात खबर की सुर्खी है– यूजीसी के नये नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक। इसकी भाषा अस्पष्ट, दुरूपयोग होने की आशंका।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– लैंड फॉर जॉब मामले में नौ मार्च से डे–टू–डे सुनवाई।

राष्ट्रीय सागर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बिहार में उद्योगों को और बढ़ावा देना राज्य सरकार का उद्देश्य।

आज अखबार की सुर्खी है– पंचतत्व में विलीन हुये अजीत पवार।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत की तेजी से बढती रिफॉर्म एक्सप्रेस वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सही दिशा में है।

02. राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के पहली से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी की।

03. एग्री स्टैक परियोजना के तहत किसानों का अब निःशुल्क बनेगा पहचान पत्र। निबंधन के लिए दो फरवरी से छह फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान।

04. और, नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।